between Rs. 1600 and **Rs. 25Q0 per men-** *:m*

234. *[Transferred to the 29th November*, **1985.)**

श्रम मंत्रालय द्वारा नियुक्त किए गए अधिवक्ताओं को दी जाने वाली फीस

235. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या **श्रम** मंत्री 23 अगस्त, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2922 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्तों के प्रत्येक कार्यालय में कितने-कितने मामले दायर किए;

(ख) कितने मामलों में अधिवक्ताओं ने कार्यवाही के बीच में ही काम करना बन्द कर दिया ;

(ग) इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या यह सच है कि अधिवक्ता इस प्रकार के मामलों को स्वीकार करने में इसलिए रुचि नहीं लेते क्योंकि उन्हें दी जाने वाली फीस बहुत थोड़ी है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री टी० अंजैय्या) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे यथा समय राज्य सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

लोगों को विदेशों में भेजने वाली भर्ती एजेंसियों के कार्यकलापों की जांच

236. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : क्या **श्रम** मंत्री 23 अगस्त, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2878 के दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन 143 एजेंसियों के नाम और पते क्या हैं जिनके क्रियाकलापों की जांच-पड़ताल चल रही है;

(ख) इनमें से कितनी एजेंसियों के विरुद्ध मुकदमा चलाया गया है ;

(ग) इन में से ऐसी एजेंसियों की संख्या कितनी है जिन्हें श्रमिक विदेशों में भेजने के लिए दुबारा लाइसेंस दिए गए हैं; और

(घ) इन्हें फिर से लाइसेंस देने और अन्य एजेंसियों को लाइसेंस न दिए जाने के क्या कारण हैं ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री टी० अन्जैय्या) : (क) सूची संलग्न है। इससे पता चलता है कि 143 एजेंसियों में से 47 एजेंसियां विदेशी कम्पनियां हैं।

(ख) सूचना पुलिस प्राधिकारियों से एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) शून्य।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

सूची

पंजीकृत भर्ती एजेन्ट

1. अरब एन्टरप्राइजिज, बम्बई
2. अल्सागर ट्रेवल, बम्बई
3. बजाज ट्रेवल, चण्डीगढ़
4. अल्फा इंटरनेशनल, बम्बई